भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2740 का उत्तर

डिजिटल आरक्षण केन्द्र

2740. डॉ॰ आलोक कुमार सुमनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे का डिजिटाइजेशन देश के सुदूर जिलों विशेष रूप से बिहार में सुगम कम्प्यूटरीकृत आरक्षण सुविधाएं प्रदान कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गोपालगंज के रेलवे स्टेशनों और थाणे जंक्शन के कुल आरक्षण केन्द्रों और पटलों की संख्या के संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी हां। इस समय, भारतीय रेल के 3443 स्थानों पर यात्री आरक्षण केन्द्र (पीआरएस) कार्य कर रहे हैं। इनमें से बिहार राज्य में 243 स्थानों पर पीआरएस परिचालित है। देश में 1,42,398 से अधिक सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) पर पीआरएस टिकटों को बुक करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जिसमें से 12,837 बिहार राज्य में हैं।

इसके अतिरिक्त, ई टिकटिंग वेबसाइट www.irctc.co.in अब काफी लोकप्रिय हो गई है और इस समय इसके माध्यम से लगभग 70% आरक्षित टिकट बुक किए जा रहे हैं।

(ग): गोपालगंज में पीआरएस काउंटर के साथ एक आरक्षण केन्द्र है। थावे में एक एकीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली एवं यात्री आरक्षण प्रणाली (यूटीएस सह पीआरएस) काउंटर है।

इसके अलावा, गोपालगंज तथा थावे में यात्री ऑनलाइन और सीएससी से टिकट बुक कर सकते हैं।

******